दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : *dnpggkp@gmail.com*
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांकः 17.03.2026

प्रकाशनार्थ

दिनांक 17.03.2026 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राणि विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर व प्रभारी डॉ. अनिता कुमारी के नेतृत्व में सत्र 2025–26 के एकेडमिक ऑडिट का आयोजन डॉ आर.पी. यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर, प्राणि विज्ञान विभाग, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के निर्देशन में संपादित किया गया।

डॉ यादव ने महाविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2025–26 के समस्त अभिलेखों की जांच करते हुए विभाग की उन्नयन हेतु आवश्यक सुझाव दिया, जिन्हें भविष्य में क्रियान्वित करने का निश्चय किया गया। इसके साथ ही उन्होंने जूलॉजिकल सोसाइटी द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह छात्र–छात्राओं के अकादमिक व व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। इसके साथ ही दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर द्वारा डॉ. अनिता कुमारी के निर्देशन में कुल तीन पूर्णकालिक पी.एच.डी स्कॉलर आवंटित होने पर डॉ. अनिता कुमारी को बधाई दी और कहा कि महाविद्यालय में शोध को बढ़ावा देने हेतु यह मिल का पत्थर साबित होगा। महाविद्यालय के प्राणी विज्ञान विभाग में शोध गुणवत्ता उन्नयन हेतु उपलब्ध कराए गए नए उपकरणों एवं अन्य सुविधाओं के सुधार पर भी उन्होंने हर्ष जताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) ओम प्रकाश सिंह ने प्राणि विज्ञान विभाग के कार्यों की प्रशंसा के साथ भविष्य में और बेहतर कार्यों के लिए सुझाव दिया। इस कार्यक्रम में प्रो. परीक्षित सिंह, आई.क्यू.ए.सी., समन्वयक उपस्थित रहे और महत्वपूर्ण सुझाव दिया।

डॉ अनीता कुमारी ने मुख्य अतिथि, प्राचार्य एवं प्रो. परीक्षित सिंह के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि विभागीय कार्यों के सकुशल संपादन में श्री हिमांशु यादव, व राजेंद्र शर्मा का पूर्ण सहयोग प्राप्त होता है।

(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क